NCERT
National Council Of Educational Research And Training

# NCERT Solutions for 6th Class Hindi: Chapter 9-टिकट-अलबम

IndCareer
Schools
indCareer indCareer indCareer

# NCERT Solutions for 6th Class Hindi: Chapter 9-टिकट-अलबम

Class 6: Hindi Chapter 9 solutions. Complete Class 6 Hindi Chapter 9 Notes.

## NCERT Solutions for 6th Class Hindi: Chapter 9-टिकट-अलबम

NCERT 6th Hindi Chapter 9, class 6 Hindi Chapter 9 solutions

रश्न अभ्यास

पृष्ठ संख्या: 66

कहानी से

**1.** नागराजन ने अलबम के मुख्य पृष्ठ पर क्या लिखा और क्यों**?** इसका असर कक्षा के दूसरे लड़के**-**लड़कियों पर क्या हुआ**?**

उत्तर

अलबम के पहले पृष्ठ पर मोती जैसे अक्षरों में उसके मामा ने लिख भेजा था -

ए. एम. नागराजन

'इस अलबम को चुराने वाला बेशर्म है। ऊपर लिखें नाम को कभी देखा है? यह अलबम मेरा है। जब तक घास हरी है और कमल लाल, सूरज जब तक पूर्व से उगे और पश्चिम में छिपे, उस अनंत काल तक के लिए यह अलबम मेरा है, रहेगा।'

इस वाक्य को क्लास के लड़कों ने अपने अलबम में उतार लिया और लड़कियों ने झट कापियों और किताबों में टीप लिया।

**2.** नागराजन के अलबम के हिट हो जाने के बाद राजप्पा के मन की क्या दशा हुई**?**

उत्तर

नागराजन के अलबम के हिट हो जाने के बाद राजप्पा मन ही मन कुढ़ रहा था। स्कूल जाना उसे अच्छा नहीं लगता था और लड़कों के सामने जाने में उसे शर्म आने लगी। उसके मन में जलन की भावना आ गई थी।

**3.** अलबम चुराते समय राजप्पा किस मानसिक स्थिति से गुज़र रहा था**?**

उत्तर

अलबम चुराते समय जब राजप्पा ने पहला पृष्ठ पढ़ा तो उसका दिल तेजी से धड़कने लगा। जब उसने अलमारी में अलबम रखा तो उसका पूरा शरीर जैसे जल रहा था। गला सूख रहा था और चेहरा तमतमाने लगा था।

**4.** राजप्पा ने नागराजन का टिकट**-**अलबम अँगीठी में क्यों डाल दिया**?**

उत्तर

राजप्पा ने नागराजन का टिकट-अलबम अँगीठी में इसलिए डाल दिया क्योंकि उसे लगा की उसकी चोरी पकड़ी जायेगी और पुलिस उसे पकड़ के ना ले जाए।

**5.** लेखक ने राजप्पा के टिकट इकट्ठा करने की तुलना मधुमक्खी से क्यों की**?**

उत्तर

लेखक ने राजप्पा के टिकट इकट्ठा करने की तुलना मधुमक्खी से इसलिए की क्योंकि जिस तरह मधुमक्खी विभिन्न फूलों का रस इकट्ठा करती है उसी तरह राज्प्पा ने भी विभिन्न स्थानों और व्यक्तियों से टिकट इकट्ठा कर अपना अलबम तैयार किया है।

कहानी से आगे

**1.** टिकटों की तरह ही बच्चे और बड़े दूसरी चीज़ें भी जमा करते हैं। सिक्के उनमें से एक हैं। तुम कुछ अन्य चीज़ों के बारे में सोचो जिन्हें जमा किया जा सकता है। उनके नाम लिखो।

उत्तर

अन्य चीज़ें जिसे जमा किया जा सकता है-

- पुराने सिक्के
- पौधे की पत्तियां
- विभिन्न देशों के रूपए या नोट

**3.** इकट्ठा किए हुए टिकटों का अलग-अलग तरह से वर्गीकरण किया जा सकता है, जैसे - देश के आधार पर। ऐसे और आधार सोचकर लिखो।

उत्तर

टिकटों को अलग करने के आधार-

- समय के आधार पर
- देश के आधार पर
- मूल्य के आधार पर
- डिज़ाइन के आधार पर
- आकार के आधार पर

अनुमान और कल्पना

**1.** राजप्पा अलबम के जलाए जाने की बात नागराजन को क्यों नहीं कह पाता है? अगर वह कह देता तो क्या कहानी के अंत पर कुछ फ़र्क पड़ता? कैसे?

उत्तर

राजप्पा अलबम के जलाए जाने की बात नागराजन को इसलिए नहीं बता पाता क्योंकि इससे पता चल जाता की अलबम राजप्पा ने चोरी किया है। अगर वह कह देता तो कहानी का अंत दूसरा होता। राजप्पा दोषी पाया जाता और सबकी नज़रों के सामने गिर जाता।

भाषा की बात

**1.** निम्नलिखित शब्दों को कहानी में ढूँढ़कर उनका अर्थ समझो। अब स्वयं सोचकर इनसे वाक्य बनाओ -

खोंसना जमघट टटोलना कुढ़ना अगुआ पुचकारना खलना हेकड़ी

उत्तर

खोंसना - नैना ने अपनी कलम को बालों में खोंस लिया।

जमघट - सड़क के किनारे जमघट लगा था।

टटोलना - पैसे माँगे जाने पर रोहित ने अपनी जेब टटोलना शुरू कर दिया।

कुढ़ना - मोहित के ज्यादा नंबर आने से रोहन उससे कुढ़ने लगा।

अगुआ - राम खेल में अपने कक्षा का अगुआ बना।

पुचकारना - वह बच्चों को पुचकारने में लगा है।

खलना - वह अपने काम के कारण सबको खलने लगा।

हेकड़ी - अपनी हेकड़ी मेरे सामने मत दिखाओ।

**2.** कहानी से व्यक्तियों या वस्तुओं के लिए प्रयुक्त हुए 'नहीं' अर्थ देने वाले शब्दों (नकारात्मक विशेषण) को छाँटकर लिखो। उनका उलटा अर्थ देने वाले शब्द भी लिखो।

उत्तर

नकरात्मक विशेषण - उल्टा अर्थ

बंद - खुला

घमंडी - स्वाभिमानी

चिंतित - निश्चिंत

ईर्ष्यालु - स्पर्धालु

# Chapterwise NCERT Solutions for Class 6 Hindi :


- Chapter 1-वह चिड़िया जो (कविता)
- Chapter 2-बचपन (संस्मरण)
- Chapter 3-नादान दोस्त (कहानी)
- Chapter 4-चाँद से थोड़ी-सी गप्पें
- Chapter 5-अक्षरों का महत्व
- Chapter 6-पार नज़र के
- Chapter 7-साथी हाथ बढ़ाना
- Chapter 8-ऐसे-ऐसे
- Chapter 9-टिकट-अलबम
- Chapter 10-झांसी की रानी
- Chapter 11-जो देखकर भी नहीं देखते
- Chapter 12-संसार पुस्तक है
- Chapter 13-मैं सबसे छोटी होऊँ
- Chapter 14-लोकगीत
- Chapter 15-नौकर
- Chapter 16-वन के मार्ग में

# About NCERT

The National Council of Educational Research and Training is an autonomous organization of the Government of India which was established in 1961 as a literary, scientific, and charitable Society under the Societies Registration Act. The major objectives of NCERT and its constituent units are to: undertake, promote and coordinate research in areas related to school education; prepare and publish model textbooks, supplementary material, newsletters, journals and develop educational kits, multimedia digital materials, etc.Organise pre-service and in-service training of teachers; develop and disseminate innovative educational techniques and practices;collaborate and network with state educational departments, universities, NGOs and other educational institutions; act as a clearing house for ideas and information in matters related to school education; and act as a nodal agency for achieving the goals of Universalisation of Elementary Education.In addition to research, development, training, extension, publication and dissemination activities, NCERT is an implementation agency for bilateral cultural exchange programmes with other countries in the field of school education.Its headquarters are located at Sri Aurobindo Marg in New Delhi. Visit the Official NCERT website to learn more.